आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू आज इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में कैंसर अस्पताल के दो मंजिला नए भवन का उदघाट्न करेंगे। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री आज सचिवालय में अधिकारियों के साथ मंडे मीटिंग की अध्यक्षता करेंगे।

डाक सप्ताह

भारतीय डाक विभाग आज से 11 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन कर रहा है। पहले दिन आज मेल एंड पार्सल दिवस, 8 अक्तूबर को फिलेटेली दिवस, 9 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस, 10 अक्तूबर को अंत्योदय दिवस और 11 अक्तूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस के रूप में मनाया जाएगा। डाक सेवाएं हिमाचल परिमंडल के निदेशक बिशन सिंह ने बताया कि डाक सप्ताह के दौरान विभाग की सेवाओं के प्रचार–प्रसार के कार्य व राजस्व अर्जन की वृद्धि पर ज़ोर दिया जाएगा।

सेब नर्सरी

उद्यान विभाग ने इस बार बागवानों के लिए आठ नई सेब की किस्मों के पौधे तैयार किए हैं। जिन्हें बागवानों को उचित दामों पर उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि नर्सरियों में तैयार किए गए पौधे आगामी दिसंबर से अप्रैल माह तक बागवानों को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नर्सरी मैनेजमेंट सोसायटी ने विभाग की त्रियानवे पौधशालाओं में छिहत्तर किस्मों के लगभग छह लाख पौधे तैयार किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश ने बागवानी क्षेत्र में देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि किन्नौर जिला के टापरी में जियो थर्मल तकनीक से विश्व का पहला नियंत्रित वातावरण भंडारण बनने जा रहा है। जिसके लिए आइसलैंड व प्रदेश सरकार के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

बयान

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा पर केंद्रीय मदद को लेकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया है। एक बयान में शांडिल और धर्माणी ने कहा कि केंद्र सरकार ने आपदा प्रभावितों को कोई भी मदद प्रदान नहीं की है। मंत्रियों ने कहा कि जो धनराशि केंद्र ने दी है, वो देश के सभी राज्यों को केंद्र सरकार से मिलने वाला वार्षिक हक है, जिसका आपदा से कोई लेना–देना नहीं है।

भाजपा

इस बीच भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि कांग्रेस के सभी नेता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हिमाचल दौरे से पूरी तरह बौखला गए हैं। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में आई आपदा के दौरान मोदी सरकार ने एक हजार एक सौ नब्बे करोड़ रूपये राहत के तौर पर प्रदेश को दिए हैं, जिसका मुख्यमंत्री व अन्य नेता कोई जिक्र नहीं करते। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा प्रदेश के लिए अनेक घोषणाएं की गई हैं और प्रदेश भाजपा इसका स्वागत करती है।

नवरात्र

शारदीय नवरात्रे के पांचवें दिन दिन माँ दुर्गा के स्कन्द माता स्वरूप की पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि स्कन्दमाता भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती हैं। इन्हें मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता के रूप में पूजा जाता है। शास्त्रों में मां स्कंदमाता की आराधना का काफी महत्व बताया गया है। इनकी उपासना से भक्त की सारी इच्छाएं पूरी हो जाती हैं। प्रदेश में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठों ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी, चामुंडा देवी, नैनादेवी और बृजेश्वरी देवी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। राजधानी शिमला के तारादेवी, कालीबाढ़ी व ढींगू माता मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शीश नवा रहे हैं।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियां पर

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है–आवास योजना के लिए केंद्र ने सशर्त जारी किए 288 करोड़ रूपये–ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए नए घरों के निर्माण पर खर्च होगी राशि। दिव्य हिमाचल लिखता है–अनाथ बच्चों, विधवाओं के बाद अब बुजुर्गों के लिए योजना लाएंगे सुक्खू। दैनिक जागरण का शीर्षक है–हिमाचल में बैरियर पर नहीं लगेंगी कतारें, फास्टैग से कटेगा शुल्क। दैनिक भास्कर के शब्द हैं–हमीरपुर में हागा नॉर्थ जोन का पहला कैंसर एक्सीलेंस सेंटर, 600 करोड़ रूपये होंगे खर्च।

हिमाचल दस्तक ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–इस साल अब तक 1 हजार 5 सौ 45 मीट्रिक टन सेब जूस कंसंट्रेट का रिकॉर्ड उत्पादन। वहीं दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार–शिमला के पराला संयत्र से 814, सोलन के परवाणु संयंत्र से 653 और मंडी के जरोल संयत्र से 78 टन सेब जूस कंसंट्रेट का प्रसंस्करण। आपका फैसला का कहना है–मानकों के अनुसार खरीदे 92 प्रतिशत सेबों का किया जा रहा प्रसंस्करण।

पंजाब केसरी ने खबर दी है–मुख्यमंत्री सुक्खू दो सप्ताह बाद आज पहुंचेंगे सचिवालय, अधिकारियों के साथ केरंगे मंडे मीटिंग। इसी समाचार पत्र के अनुसार–सीआईडी का पूर्व डीजीपी व 10 पुलिस अधिकारियों के खिलाफ जांच से इंकार।